तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30-6-25	अधिवक्ता अपीलांट्स उपस्थित। अधिवक्ता अपीलांट्स द्वारा दस्तावेज पेश करने व बहस हेतु एक अवसर और चाहा गया। सर्वथा अंतिम अवसर दिया जाकर पत्रावली वास्ते बहस दिनांक 11-7-25 को पेश हो। [signature] अति. जिला कलक्टर दौसा	
11-7-25	आज पीठासीन अधिकारी महोदय राज कार्य मे वयस्त / ~~अवकाश~~ पर होने से गत आदेश की पालना मे पत्रावली दिनांक 21-7-25 को पेश हो। [signature]	
21-7-25	आज पीठासीन अधिकारी महोदय राज कार्य मे वयस्त / ~~अवकाश~~ पर होने से गत आदेश की पालना मे पत्रावली दिनांक 30-7-25 को पेश हो। [signature]	
30-7-25	पत्रावली पेश हुई। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अधिवक्ता अपीलांट्स एवं अपीलांट्स को बार-बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अधिवक्ता अपीलांट्स अथवा अपीलांट्स में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। बहस हेतु बार-बार अवसर दिये जाने के उपरान्त आज भी अधिवक्ता अपीलांट्स अथवा अपीलांट्स में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में मु.नं. 8/2020 उनवान सरकार बनाम राजाराम आदि में उपतहसीलदार नहरावण्डा द्वारा पारित निर्णय दिनांक 06-11-2020 के विरुद्ध अपीलांट्स द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत अपील अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज की जाती है। निर्णय की प्रमाणित प्रति सहित अधीनस्थ न्यायालय का मूल रिकॉर्ड वापस भिजवाया जावे। पत्रावली कौसल कुमार वैजाकरनम्बर से कम हो एवं बाद मुर्तिब होकर मिसिल लेखागार भी जावे। निर्णय आज दिनांक 30-7-2025 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। [signature] रामस्वरूप चौहान अति. जिला कलक्टर दौसा (राज.)	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official